# पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए नवागत कलेक्टर, नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट ने किया सम्मान निवर्तमान कलेक्टर को दी भव्य विदाई

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नर्मदापुरम स्थानांतरण की सूचना के बाद नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यहां पर माहिष्मती घाट भावुक पलों का साक्षी बना और उन्हें विदाई सम्मान के साथ दी गई। माहिष्मती घाट पर आयोजित इस समारोह में ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।






मण्डला।

इस दौरान उन्हें मां नर्मदा की प्रतिमा भेंट की गई। वहीं आतिशबाजी कर इस अवसर को और भी यादगार बनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल प्रशासनिक दृष्टि से बल्कि आस्था और संस्कृति के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। विशेष रूप से माहिष्मती घाट के कायाकल्प को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा की भूमिका को सभी ने सराहा। उनके प्रयासों से घाट की तस्वीर बदली और यह स्थल अब और अधिक आकर्षक व सुव्यवस्थित बन चुका है जो जिलेवासियों के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान एसडीएम सोनम सिडाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंन नाफड़े, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, आजीवन सदस्य मनोज फागवानी, आजीवन सदस्य रितेश अग्रवाल, आजीवन सदस्य प्रसन्न सराफ, आजीवन सदस्य संजय तिवारी, आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल, एसडीएम घुघरी सचिन जैन, तहसीलदार हिमांशु भलावी, तहसीलदार बम्हनी वृत हीरालाल तिवारी, नायब तहसीलदार रामसिंह उलाडी, समाजसेवी सुधीर कांसकार, किशोर रजक, मनोज तिवारी ने पुष्पमाला से स्वागत करते हुए उनके द्वारा मंडला के विकास में किए गए कार्यो की सराहना की। वहीं बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन मौजूद रहे।

## नवागत कलेक्टर ने की महाआरती

जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट द्वारा माहिष्मति घाट पर आयोजित पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने मां नर्मदा की आरती और दुग्ध अभिषेक कर जिले वासियों की मंगल कामना प्रार्थना की। महाआरती के पश्चात ट्रस्ट की ओर से निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा को गरिमामयी विदाई भी दी गई। ट्रस्ट की पदेन अध्यक्ष एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने इस दौरान नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट की स्थापना, माहिष्मती घाट नामकरण और पंच चौकी महाआरती की शुरुआत के लिए निवर्तमान कलेक्टर श्री मिश्रा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से आत्मीय चर्चा करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि माँ नर्मदा की यह महाआरती ट्रस्ट द्वारा जिले के सामाजिक संगठनों के सहयोग से हमेशा इसी तरह चलती रहेगी। उन्होंने मां नर्मदा से जिले वासियों के कल्याण कामना की।

## गरिमामयी विदाई का आयोजन

शनिवार की शाम शहर के एक निजी मोटेल के बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नर्मदापुरम स्थानांतरण पर गरिमामयी विदाई दी गई। इसी कार्यक्रम में नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का आत्मीय स्वागत भी किया गया। यह विदाई-सम्मान समारोह जिले के समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में विकास कार्यों को गति मिली और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी।

## जिला अस्पताल पहुंचे नवागत कलेक्टर

नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे पदभार ग्रहण करने के दिन ही जिला चिकित्सालय पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले मोहगांव क्षेत्र के ग्राम रमखिरिया के छपराटोला की आंगनबाड़ी केंद्र के विषैला पदार्थ खा लेने से बीमार हुए बच्चों और उनके परिजनों से मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वार्ड में उपस्थित शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि भर्ती किये गए सभी बच्चों की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कलेक्टर ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बच्चों के पूरी तरह स्वस्थ होने तक विशेष देखभाल करें। कलेक्टर श्री धोटे ने इसके बाद बाल गहन चिकित्सा इकाई, शिशु वार्ड, ऑर्थो वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, हेल्प डेस्क, दवा वितरण केंद्र, मेटरनिटी वार्ड, ओपीडी और एनआरसी का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ से हॉस्पिटल में चिकित्सकों की संख्या, ड्यूटी रोस्टर, दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य जानकारी ली। साथ ही जिन दवाओं की आवश्यकता है और उनका स्टॉक खत्म अथवा कम हैं उनकी डिमांड प्रेषित करने के निर्देश दिये।

## नागरिको से मिली आत्मीयता

अपने संबोधन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंडला में मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मंडला की जनता और यहां के साथियों से उन्हें हमेशा आत्मीयता मिली। कार्यक्रम में नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे का पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस अधीक्षक सकलेचा ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री धोटे ने कहा कि उन्होंने अपना प्रोवेशन रतलाम जिले में सोमेश मिश्रा सर के मार्गदर्शन में ही पूरा किया है। उन्होंने कहा कि वह विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएंगे तथा टीम भावना से काम करेंगे। समारोह का संचालन करते हुए अधिकारियों ने दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।



# निवास शराब ठेकेदार की मनमानी

**निवास** अंग्रेजी शराब दुकान से ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा शराब शीशी पर अंकित अधिकतम मूल्य से बीस से पचास रूपये तक अधिक कीमत बसूली जा रही है, जिससे शराब के शौकीनों के बीच काफी रोश देखा जा रहा है। लेकिन इस गंभीर व संवेदनशील मामले में आबकारी विभाग व स्थानीय प्रशासन का मौन दिखना व रोकथाम में असफल रहना भारी अकर्तव्य हीनता व प्रशासनिक मिलीभगत को दर्शाता है, जिसके चलते भविष्य में दुकानदार व शराब ग्राहकों के बीच बड़ी और अप्रिय घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।ज्ञात हो की मार्च महीने में शराब दूकानों के ठेके बदले हैं वहीं बताया जा रहा है कि इस वर्ष निवास की दो शराब दुकान सहित एक अन्य शराब दुकान एक ही ठेकेदार ने बड़ी बोली लगाकर लगभग सोलह करोड़ में लिया है। /शराबियों की पसंद की शराब में कमी/नये ठेके की शराब दुकान में क्षेत्र के शराब प्रेमियों के अनुकूल ब्रांड भी उपलब्ध नहीं हो रहे जिसके चलते शराब शौकीनों को या तो पसंद बदलना पड़ रहा है या मजबूरी में कीमत से अतिरिक्त दाम में अनचाहा ब्रांड खरीदकर शौक कर रहे हैं।/आबकारी अधिकारियों को निवास क्षेत्र से परहेज क्यों/पिछले कई सालों से देखने सुनने मिल रहा है कि आबकारी अमला नारायणगंज बिजाडांडी आदि में अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगों पर कार्यवाही की है लेकिन निवास पुलिस कार्यवाही को छोड़ निवास थाना अंतर्गत एक भी धरपकड़ आबकारी अधिकारियों ने नहीं की है जो विभाग की मनमानी को प्रदर्शित करता है।

# पांच जिलों के पदाधिकारियों के अभ्यास वर्ग का समापन





मण्डला।

माहिष्मति नगरी मंडला में पहली बार धार्मिक नगरी में आए पदाधिकारियों ने बैठक के पूर्व माता नर्मदा की पूजन अर्चन की। मंडला :- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आर एस एस की आनुसांगिक इकाई सहकार भारती का दिनांक 12 अप्रैल 2026 को अभ्यास वर्ग का आयोजन का समापन हुआ । विभाग सिवनी के अंतर्गत आने वाले पांच जिले बालाघाट,छिंदवाड़ा,पांढुरना,मंडला,सिवनी के जिला पदाधिकारियों की रही सक्रिय सहभागिता। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति अनुसार भारत माता एवं संस्थापक श्रद्धेय लक्ष्मणराव ईनामदार जी एवं भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अभ्यास वर्ग शुरुआत प्रथम सत्र में सहकार भारती गीत के साथ हुई। इसके बाद सभी पदाधिकारियों का परिचय हुआ। उपस्थित सभी 39 पदाधिकारियों को अध्ययन सामग्री जिसमें सहकार भारती के उद्देश्य नीति, विशेषता, लक्ष्य, सहकार गीत और कार्यक्रम की मिनट टू मिनट जानकारी का वितरण किया गया। सभी पदाधिकारियों का परिचय के पश्चात मंचासीन अतिथियों की स्वागत बेला में कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री माननीय राधेश्याम जलछत्री जी, सिवनी विभाग प्रमुख अन्नपूर्णा तिवारी जी बालाघाट, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला संघचालक मंडला हीरानंद चंद्रवंशी जी का पुष्पहार पुष्पगुच्छ एवं तिलक वंदन से स्वागत कर स्मृतिचिन्ह भी भेंट किया गया। प्रथम सत्र यानि उदघाटन सत्र के पश्चात द्वितीय सत्र में संगठन की मूल भूत जानकारी साझा की गई।एक दिवसीय अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम की जानकारी और उद्देश्य के बारे सहकार भारती मंडला इकाई जिला अध्यक्ष रंजीत कछवाहा ने सबके समक्ष बात रखी। द्वितीय सत्र दोपहरभोज के पश्चात प्रारंभ हुआछिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष संदीप जैन और जिलाध्यक्ष सिवनी मनीष पांडे को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप उनकी कार्यकारिणी के साथ प्रदान किया गया। तृतीय सत्र में दायित्व बोध विषय पर चर्चा की गई कि, जलछत्री जी ने बताया किस तरह संगठन में दायित्व और दायित्वान सभी पदाधिकारियों का एकजुट नियमित पहल से संगठन अपने उद्देश्यों के अनुरूप लक्ष्य प्राप्त करता है। अंतिम चतुर्थ सत्र के पश्चात जिला कार्यकारिणी मंडला के पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा की गई जिसमें जिला संगठन प्रमुख बी के राय, जिला उपाध्यक्ष भोला राय एवं योगेश चंद्रौल, जिला मंत्री वीरेंद्र वर्मा ₹बीरू₹, जिला महिला सह प्रमुख गंगोत्री बड़गैया, जिला कार्यकारिणी सदस्य ममता साहू, बबीता अधिकारी को मनोनीत किया गया । जिला महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया- आगामी 17 मई को ₹समन्वय भवन भोपाल₹ में सहकार भारती का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजन होना तय हुआ है जिसकी जानकारी आज संगठन मंत्री द्वारा दी गई जिसमें सिवनी विभाग के सभी पांचों जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र से संबंधित मातृशक्तियों की सहभागिता किया जाना है। आज विस्तृत चर्चा हुई और कार्ययोजना बनी।आज पांच जिलों के अपेक्षित लागमग 39 मुख्य पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता में आयोजन संपन्न हुआ।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का दिख कहर, एक की मौत



मण्डला।

शहर के बस स्टैंड के पीछे स्थित चांदनी पान सेंटर के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल की रात लगभग 10:55 बजे जवाहर वार्ड निवासी 35 वर्षीय राहुल कछवाहा अपनी स्कूटी से चांदनी पान सेंटर पर पान लेने पहुंचे थे उसी दौरान बस स्टैंड की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चल रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक टीएस 07 यूएफ 2174 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहुल कछवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए इस हादसे में मौके पर मौजूद अन्य लोग भी इसकी चपेट में आ गए राधाकृष्णन वार्ड निवासी 40 वर्षीय आसिफ हुसैन को भी गंभीर चोटें आई हैं जबकि 22 वर्षीय प्रियंक नीखर की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में राहुल कछवाहा की स्कूटी जुपिटर सहित आसपास खड़ी अन्य गाडिय़ां भी क्षतिग्रस्त हो गईं घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली मंडला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक नीरज मिश्रा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है राहुल कछवाहा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ धारा 281,125ए बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन चालक की पहचान अभिषेक मरावी निवासी नारायणगंज के रूप में हुई है जबकि वाहन की मालकिन सुषमा परते बताई जा रही हैं।



# अहिल्याबाई की प्रतिमा का हुआ भूमिपूजन

मण्डला।

ज्वाला जी वार्ड में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना को लेकर रविवार को भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। लंबे समय से धनगर समाज द्वारा की जा रही मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है जिससे समाज में उत्साह का माहौल देखा गया धनगर समाज के लोगों ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर गौरव और आस्था की प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा स्थापना के लिए धनगर युवा सेना लगातार प्रयासरत थी समाज की इस मांग को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके के सहयोग से यह पहल साकार हो सकी भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने विधि-विधान से पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिभा अनिल साहू, शानू दुबे और मुकेश नंदा भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में धनगर समाज के अध्यक्ष शैल कुमार धनगर, उपाध्यक्ष पुन्नू लाल धनगर, सचिव भजन लाल धनगर, राधेलाल धनगर, नोखे लाल धनगर, ज्ञान धनगर, प्रमोद धनगर, धनगर युवा सेना जिला अध्यक्ष नंद कुमार धनगर, मोनू धनगर, तुलसी धनगर, अहिल्याबाई नारी उत्थान समिति की मालती धनगर, अनसूइया पाली, सुनीता धनगर और शिल्पा धनगर समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई।

## खबर संक्षेप

### विधायक द्वारा धूमकेतु मोटर शोरूम का शुभारंभ किया गया



**नारायणगंज।** विधायक चैन सिंह बरकडे द्वारा नारायणगंज में धूमकेतु मोटर के शोरूम का शुभारंभ किया यह शोरूम में मार्केट में स्थित है युवराज धूमकेतु मोटर के इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रण दिया गया इस कार्यक्रम में विधायक चैन सिंह बरकड़े भूतपूर्व विधायक बिछिया श्री तुलसीराम धूमकेतु के द्वारा शोरूम का शोरूम आरंभ किया गया जिसमें श्री मागन लाल सोनी मल्लू सिंह मरावी रघुनंदन विश्वकर्मा भाजपा मंडल के अध्यक्ष श्री किसन लाल तेकाम जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय अरुण यादव राजेश सोनी सुंदर सोनी की उपस्थिति में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला उन्नत कृषि महोत्सव


**मण्डला।** रायसेन जिले में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विकासखंड नारायणगंज और निवास की महिला किसानों ने अपनी तकनीकी कुशलता और नवाचार से देश भर के विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए निवास एवं नारायणगंज विकासखंड की महिला किसानों ने प्रदान संस्था के सहयोग से तैयार बायोचार इकाई, जैविक खाद और दीदी बाड़ी मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। महिला किसानों ने साझा किया कि कैसे बायोचार तकनीक मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में सहायक सिद्ध हो रही है। प्रदान संस्था के अनुरुद्ध कुमार शास्त्री ने बताया कि महिला किसान अब केवल खेती तक सीमित नहीं हैं बल्कि वे नवाचारों का नेतृत्व कर आत्मनिर्भर बन रही हैं महिला किसान सेवकली ने बताया कि नई तकनीकों को अपनाकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और खेती मजबूत हुई है। यह सम्मेलन मल्टीनेशनल कंपनियों, स्टार्टअप्स और कृषि विशेषज्ञों के लिए एक साझा मंच बनकर उभरा मंडला की इन महिला किसानों को यहां आधुनिक कृषि उपकरणों और यंत्रों के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

### अचानक चलते ट्राले में लगी भीषण आग



**मण्डला।** मंडला जिले में नेशनल हाईवे 30 पर रविवार को उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब चलते ट्राले में अचानक भीषण आग लग गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तिंदनी ग्राम के पास की बताई जा रही है जहां लोहे के बीम से लोड एक ट्राला अचानक आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राला सामान्य रूप से हाईवे पर दौड़ रहा था तभी अचानक उसके केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में ट्राले का केबिन आग के गोले में तब्दील हो गया। आग इतनी तेज थी कि चालक को तुरंत ट्राला रोककर किसी तरह अपनी जान बचानी पड़ी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है जिसने देखते ही देखते पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया।

### बाबा देवरी के पास ट्रैवलर वाहन, पलटा पांच गंभीर



**मण्डला।** मंडला जिले में नेशनल हाईवे-30 पर रविवार को एक दर्दनाक सडक़ हादसा सामने आया। बाबा देवरी के पास एक ट्रैवलर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैवलर में लगभग 15 लोग सवार थे। जो मलाजखंड से जबलपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाबा देवरी के पास वाहन चालक का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया जिससे वाहन सडक़ पर पलट गया। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य यात्रियों को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे ।

**खबर संक्षेप**

### सांगई के स्कूल में अम्बेडकर सप्ताह के तहत आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। स्कूलों में बच्चों को महापुरूष से संबंधित जरूरी जानकारियों के लिये जागरूक बनाने के लिये समय समय पर प्रतियोगिताये आयोजित होना समय की मांग बनने लगी है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार स्कूलों में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह सभी शासकीय स्कूलों में10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक यानि की बम्बेडकर सप्ताह के रूप में मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी आदेश के परिपालन बीते शनिवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई स्थित एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती सप्ताह के परिपेक्ष्य में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों ने संविधान के निर्माता डॉ अम्बेडकर का चित्र बनाया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रा कुसुम केवट के चित्र को प्रथम स्थान दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जीवनी से भी अवगत कराया गया। वही बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में संस्था प्रधान पाठक दशरथ जाटव, राजेश कौरव, मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेन्द्र ठाकुर, किरण लता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट के आलवा विद्यार्थियों में हंसराज केवट, चंद्र प्रकाश केवट, तारा केवट विशेरूप से मौजूद रहे।

### मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखो रूपया बकाया, अनेक दुकाने चल रही किरायदार टू किरायदार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था,लेकिन जिसमें कृषि उपज मण्डी द्वारा 152 दुकानों का निर्माण कराया गया था तथा नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने, पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? बताया जाता है कि इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है, वही मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है मगर इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है, लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

# कही बिजली के अभाव में तो कही इल्ली के प्रकोप से बर्बाद हो रही किसानों की मूंग फसल, रात दिन एक करते हुये खेती के धंधे में जुटे अन्नदाता के सामने फिर मंडराने लगे अनिश्चितता के बादल...?

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।







रात दिन एक करते हुये खेतों में अन्न पैदा करते हुये देशवासियों का पेट भरने वाला किसान ही देश का आधार स्तंभ माना जाता है। मगर इन किसानों के साथ जिस तरह प्रकृति से लेकर सरकारों द्वारा खेल खेला जाता है उसके चलते अन्न दाता की स्थिति लगातार बदहाल होती चली जा रही है। यह बात अलग है कि सरकार द्वारा आये दिन किसानों को इस बात का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये प्रयास किये जा रहे है और इसी भरोसे के आधार पर अन्नदाता किसान को न तो सूरज की तेज तपन देखता है और रात की नींद को भी नजर अंदाज करते हुये अपने खेतों में जुटा रहता है। मगर जब किसानों को खेती के लिये जरूरी सामग्री की जरूरत पड़ती है तो वह उपलब्ध नही होने से अन्नदाता लगातार टूटते चला जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जब खेतों में बोनी करने का समय आता है तो एक एक बोरी खाद के लिये किसानों को दिन दिन भर लम्बी लाईनों भूखे प्यासे लगा हुआ देखा जाता और उन्हें खाद नही मिल पाती है तो खाली हाथ जाने के बाद चुपचाप तरीके से फिर दूसरे दिन खाद दुकानों व वितरण केन्द्रो के सामने लग जाता है। वही दूसरी ओर जिस तरह डीजल सहित अन्य खेती संबंधी सामग्री के दामों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला चल रहा है उसके कारण महंगाई के बीच किसान अपने खेतों में लगाने वाली लागत को खड़ा कर पाना भी मुश्किल हो जाता है। कहने के लिये सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही है। मगर सच्चाई का पता तो किसानों के खेतों पर पहुंचने के बाद ही देखने मिलता है। जहां पर बड़ी मुश्किलों के बीच मात्र चंद घंटे ही बिजली मिलने के कारण किसान अपने खेतों में बोई गई फसल की सिंचाई तक नही कर पा रहे है। इसके बाद भी जब किसी भी प्रकार से देशवासियों का पेट करने वाला किसान अपने खेत में फसल को तैयार कर लेता है तो दूसरी ओर प्रकृति की मार इस तरह से पड़ती है कि खेतों में खड़ी हुई फसले बर्बाद होने से नही बच पाती है। इस स्थिति में अन्नदाता के हाथ लगाई गई लागत आने की जगह वह कर्जदार बनने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है। जहां पर सैकड़ो किसानों द्वारा अपनी हालत में सुधार लाने की सोच रखते हुये खेतों में काफी लागत लगाते हुये गर्मी की मूंग की बुआई तो कर डाली है। मगर उन्हें जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिल पाने के कारण जहां खेतों में मूंग सूखते हुये नजर आ रही है । वही जिन किसानों द्वारा किसी भी प्रकार से अपने खेतों की सिंचाई करते हुये मूंग फसल तैयार किया गया है तो उसमें अनेक प्रकार के रोग सहित इल्ली का प्रकोप होने के कारण उसे बर्बाद होने से बचाने के लिये मनमानी कीमत पर कीट नाशक दबाईयों को खूरीदकर छिडकाव करने के लिये मजबूर हो रहा है। इस तरह प्रकृति की मार झेलने वाले क्षेत्र के किसानों को सरकार की ओर से कोई मदद मिलते हुये दिखाई नही पड़ रही है। कहने के लिये तो प्रदेश में किसानों की मदद से लेकर फसलों के संबंध में जरूरी जानकारियाँ उपलब्ध कराने के लिये कृषि विभाग बनाया गया है। मगर इस विभाग में बैठे हुये अधिकारी गांवों में जानकारी देने के लिये पहुंचने की बात दूर अपने कार्यालयों में दर्शन भी दुर्लभ होते हुये जान पड़ते है..? जबकि नियम के अनुसार हर ब्लाक स्तर से लेकर सेक्टर स्तर पर कृषि अधिकारी नियुक्त रहते है जो समय समय पर किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें फसलों में लगने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर किसानों को अवगत कराने की जिम्मेदारी रहती है। मगर इन अधिकारियों का हाल इस तरह का रहता है कि आज तक उनके सेक्टर में शामिल गांवों के दर्शन नही किये गये होगे और अपने दायित्वों का निर्वाहन मात्र कागजों पर करते हुये पूरा करने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर किसानों की मदद के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से हर साल किसानों के खेतों में 10 हजार रूपया प्रदान करने की बात कही जा रही है। मगर इस योजना का लाभ लेने के लिये क्षेत्र के किसान लगातार भटकते हुये देखे जा रहे है और यह योजना कागजों पर ही संचालित होते हुये देखी जा रही है। इस तरह लगातार बदहाली का शिकार हो रहे किसानों से जब चर्चा की गई तो क्षेत्र के किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों को जिस तरह मदद देने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र मंचों से लेकर कागजो तक सीमित रहने के कारण अन्नदाता किसान परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस समय क्षेत्र के किसानों ने गर्मी मौसम की मूंग फसल अपने खेतों में बोई गई है। मगर उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली नही मिलने कारण वह सूखते चली जा रही है। क्योंकि वर्तमान समय में क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक अपनी मूंग फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली की जरूरत है। सरकार के रिकार्ड में किसानों को 10 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। मगर मुश्किल से चंद घंटे ही बिजली मिलने के कारण हालत यह बनी हुई है कि किसानों की मूंग फसल सूखने की कगार पर पहुंचते हुये देखी जा रही है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र के अन्नदाता की हाल इस तरह बन चुकी है कि वह अपने खेतों में फसल को तैयार करने के लिये लगाई जाने वाली लागत भी पूरी नही कर पा रहा है। और क्षेत्र के किसानों ने बड़ी उम्मीदों से अपने खेतों में गर्मी मौसम की मूंग फसल बोई गई थी। मगर जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने के कारण खेतों में सूखते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर तैयार होते हुये मूंग फसल में जिस तरह इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लग रहे है उससे किसानों को अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है।

# नवोदय विद्यालय परिसर के अंदर अज्ञात चोरों ने कर्मचारी के पास किये जेवर






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम बोहानी स्थित नवोदय विद्यालय की चौकसी व्यवस्था इतनी तेज है कि परिन्दा भी पर नही मार सकता है। यदि किसी व्यक्ति या अभिभावको को अपने बच्चों से मिलने जाते है तो पहले उनकी संपूर्ण जानकारी ली जाती है इसके बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जाता है। इतनी सख्त व्यवस्था के बीच यदि किसी कर्मचारी के यहां ताला तोड़कर चोरी की घटना घटित होती है तो निश्चित ही यहां की सुरक्षा व्यवस्था सबालों के घेरे में आने से नही चूक पाती है..? कुछ इसी प्रकर की सच्चाई बीते हुये दिनों उस समय देखने मिली जब नवोदय परिसर में बनी हुई सरकारी क्वाटर में रहने वाले एलडीसी के पद पर तैनात कर्मचारी की क्वाटर का अज्ञात चोरों द्वारा तोला तोड़कर जेबर पर कर डाले। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ज्ञानी पिता सुरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 29 साल मूल रूप से निवासी नरसिंहगढ जिला दमोह व हाल निवासी नवोदय विद्यालय परिसर सरकारी क्वाटर द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं दृष्टिबाधित हूं और वर्तमान मे ग्राम बोहानी के नवोदय विद्यालय के परिसर में बने सरकारी क्वार्ट में रहकर नवोदय विद्यालय में एलडीसी के पद पर नौकरी करता हूं। बीते हुये दिवस जब मै अपनी पत्नि नीलम विश्वकर्मा के साथ अपने सरकारी क्वार्टर में ताला लगाकर अपनी पत्नि का पेपर दिलाने जबलपुर गया हुआ था। इसके बाद मेरे पास चौकीदार सोमनाथ मेहरा का फोन आया जिन्होने बताया कि आपके घर पर ताला टूटा हुआ है। तब मैं जबलपुर से अपने ससुर सत्यनारायण विश्वकर्मा के साथ मोटर साईकल से बोहानी आकर अपने क्वार्ट पर जाकर देखा तो मेरे मकान का कुन्दा टूटा हुआ था। वही अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी और उसका भी सामान बिखरा था। अलमारी में रखे दो जोडी बच्ची की चांदी पायल करीबन 10,000/रु. कीमत की तथा बच्ची की दो सोने की लाकट करीबन 10,000/रु कीमत के इसके आलवा पत्नी नीलम के कान की एक जोडी सोने की बाली कीमत करीबन 30,000/रु. कीमत की एव कमरे में रखा हुआ पुराना लेपटाप करीबन 10,000/रु. कीमत का तथा अलमारी में रखे 14,000/रु. नगदी। इस तरह नगदी सहित कुल मिलाकर लगभग 74,000/रु. कीमत की अज्ञात चोर द्वारा घर के दरबाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। मगर इस घटना ने जहां नवोदय विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया गया है..? इस घटना के बाद अभिभावकों में भी अपने बच्चों व उनकी सामग्री को लेकर चिंता दिखाई देने से नही चूक पा रही है।

## निजी शालाओं में सुविधाओं की कमी, शिक्षित बेरोजगारों का धडल्ले से हो रहा शोषण फिर भी प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज/चीचली।



इस समय जिस प्रकार से शिक्षा के नाम पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से दुकानदारी चलाई जा रही है उससे बच्चों का भविष्य बनना कम और स्कूल संचालको का निजी स्वार्थ ज्यादा ही नजर आ रहा है..? क्योंकि शहर के साथ साथ ग्राम क्षेत्रों में दिन दिन ऊंग रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह स्कूल शिक्षा विभागों के नियमों के विरूद्ध स्थापित सुविधाहीन शालायें शिक्षा के नाम पर व्यवसाय करने में जुटी हुरइं हैं? इस प्रकार के विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं अलावा विशेषज्ञ शिक्षकों एवं खेल मैदानों का अभाव एक विकट समस्या बना हुआ है, जिसका प्रभाव छात्रों पर पड़ रहा है। इस शहर शहरों के साथ गांव गांव स्थापित निजी शालायें मात्र शिक्षा की दुकान बनकर रह गई हैं? ऐंसी दुकाननुमा शालाओं की शिक्षा हमारे होन हारों पर क्या असर छोड़ेगी इससे सभी अंजान नहीं हैं? शिक्षा की दुकान बनी निजी शालाओं को बढ़ावा देने में पालक भी कम दोषी नहीं हैं। क्योंकि वे जानबूझकर निजी शालाओं के आकर्षण में पड़कर बच्चों का दाखिला करवा देते हैं और बाद में पछताते हैं। इस समय शहरों के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जावे तो ऐसी अनेक शिक्षण संस्थायें हैं जहाँ पर मात्र 10 वीं से 12 वीं पास युवक युवती अल्प वेतन मानदेय पर शिक्षक के रूप में सेवाये देकर बेरोजगारी के समय में शोषित हो रहे हैं। इन निजी शालाओं में ना तो छात्र-छात्राओं को पीने के लिये शुद्ध पेयजल, पेशाबघर, शौंचालय, खेल मैदान व बैठने के लिये हवादार कमरे भी नहीं हैं। शहर के साथ साथ गांवों में ऐसी कई शालायें तो किराये के रहवासी मकानों में लग रहीं हैं इसके बाद भी शिक्षक संस्थाओं के संचालक पालकों से सभी व्यवस्थाओं के नाम पर मनमानी फीस वसूल रहे हैं। वही कुछ स्कूलों के संचालको बात करे तो वह गांव में इस प्रकार से अग्रेजी स्कूलों का संचालन कर रहे है, जिन्हे खुदे तो अग्रेजी आती नही है और वह बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षकों का संचालन करने बैठे हुए है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या इन स्कूलों में बच्चों द्वारा दी जाने वाली फीस के मुताबिक पढ़ाई हो पायेगी? पालकों को चाहिये कि वे शिक्षण सत्र दौरान ही अपनी जागरूकता का परिचय देते हुये पूर्ण नियम कानून से चलने वाली शालाओं में ही अपने बच्चों को प्रवेश दिलाये जिससे उनका भविष्य सँवर सके तथा शिक्षा विभाग से अपेक्षा की जाती है कि गाजर घास की तरह गांव गांव ऊगं शिक्षण संस्थाओं की जाँच करे जो नियमों को दर किनार करके जेबें भरने में लगे हुई हैं। विदित हो कि शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को खेलने के लिये निश्चत भूखंड का मैदान होना जरूरी है किंतु यहाँ जो देखने में आ रहा है उससे स्पष्ट रूप से लग रहा है कि शिक्षण संस्थाओं के नाम पर मात्र पैसा कमाया जा रहा है, किराये के मकानों में संचालित होने वाली अग्रेजी माध्याम की एक संस्था का तो यह है हाल है कि ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों वाहन सुविधा के नाम पर पैसा लिया जा रहा है, और उसी वाहन में खुलेआम दिन भर सवाली ढ़ोई जा रह है। यह सच्चाइई गांव गांव संचालित होने वाली शिक्षण संस्थाओं में चल रहे वाहनों में आसानी से देखा जा सकता है कि जिनके पास न तो बच्चों को लाने ले जाने का परमिट है और न ही वाहनों के जरूरी कागज उसके बाद भी खुलेआम बच्चों को सबारियों के साथ भेड बकरी की तरह भरने से नही चूक रहे है।

## नगर के अंदर संचालित हो रही अंडा दुकानों से बिगड़ रहा माहौल, शराब खोरी करने वालों का लगा रहता है जमावड़ा



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

इस समय जिस प्रकार से शराब खोरी करने वाले लोगों से आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है, उसके चलते नगर की कानून व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी पर उतरते हुए देखी जा रही है। इस सब का प्रमुख कारण मात्र एक ही देखा जा रहा है कि नगर के अंदर संचालित होने वाली पान दुकानों के चलते एक ओर नगर का वातावरण प्रदूषित होने से नही बच पा रहा है। वही दूसरी ओर इन अंडा दुकानों पर शाम होते हुए जिस प्रकार से शराब खोरी करने वाले लोगों का जमावाड़ा लग जाता है जिसके चलते आम लोगों मुख्य मार्गो से शाम के वक्त महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है? क्योंकि नगर में जहां तहां लगी हुई इन अंडा दुकानों व खुलेआम बाजार में होने वाली शराब खोरी के चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि शराब के नशे में मस्त लोगों द्वारा जिस प्रकार से अप शब्दों का उपयोग किया जाता है उसके चलते यहां पर रहवास करने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर महिलाओं का अपने घरों से निकला तो पूर्णरूप से दूभर हो चुका है? इतना ही नही इन अंडा दुकानों के चलते लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचते हुए देखी जा रही है? क्योंकि नगर में इन अंडा दुकानों को लगाने वालों द्वारा न तो धार्मिक स्थलों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही रहवासी मकानों का जिसके चलते मार्गो पर मनमर्जी के साथ स्थापित की गई इन अंडा दुकानों के चलते सार्वनिजक मार्गो से शाम होते ही महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है। यदि कोई महिला को मजबूरीबस निकलना भी पड़ता है तो अंडा दुकानों के आस पास मड़राने वाले शराबियों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होते हुए देखा जाता है। इस सच्चाई की ओर न तो पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही उन लोगों द्वारा जो नगर की जनता की सेवा करने का पूरा भरोसा दिलाने से नही चूकते है, इस प्रकार से नगर की लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों द्वारा जहां तहां रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाली अंडा दुकानों पर अंकुश लगाये जाने की मांग की जा रही है।

## क्षेत्र के जंगलों से लगातार हो रही बांस की कटाई को लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर लग रहा प्रश्न चिन्ह

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।





जहां एक ओर लगातार बिगड़ रहे प्रकृति के संतुलन को लेकर सभी लोग परेशान होते हुए देखे जा रहे है और इसी बात को चिंता को लेकर हर साल सरकार द्वारा करोडो रूपया खर्च करते हुए हरियाली महोत्सव का आयोजन करते हुए पौधा रोपण करने के साथ साथ वनों की रक्षा करने के लिए प्रयास किये जा रहे है, मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से वनों की अवैध कटाई का क्रम चल रहा है उस पर अंकुश लगाने में शायद वह वन कर्मी असफल हो रहे है जिनके जिम्मे इन वन की रक्षा करने के लिए हर माह सरकार द्वारा पैसा खर्च किया जा रहा है? यदि वनों की रक्षा करने वाले उन वन कर्मियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उन्हें निहत्थें होकर वनों की रक्षा करने की जिम्मा सौपे जाने के कारण इस प्रकार से वनमाफियों से वनकर्मी स्वयं ही असुरक्षित महसूस करने के कारण शायद वह वनों की रक्षा करने में सफल नही हो पा रहे है और इसी का परिणाम है कि क्षेत्र के जंगलों में खड़े हुए सागौन सहित बांस व अन्य पेड़ों की कटाई लगातार होने के कारण क्षेत्र के जंगल उजड़ने से नही बच पा रहे है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा पुलिस विभाग को जिस प्रकार रहवासी क्षेत्र में तैनात रहते हुए सारे साधन उलब्ध कराये जाते है। मगर वनकर्मियों को हथियारों के नाम पर एक डंडा तक उपलब्ध न करना जहां चिंता जनक सत्य है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से निहत्थें अधिकारियों से वनों की रक्षा कर पाना असंभव दिखाई देने लगा है? और इसी का परिणाम है कि जिस प्रकार से प्रतिदिन क्षेत्र में सुबह सुबह हरे बांसों को काटकर उनके गट्ठे सहित इमरती लकड़ी को ले जाने वालों को देखने से बनों में हो रही अवैध कटाई की सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पा रही है? जबकि गौर किया जावे तो जंगलों में बांस को स्थापित करने के साथ साथ उनकी रक्षा के लिए वन विभाग द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए मुहिम चलाई जाती है, मगर इसके बाद भी क्षेत्र में खुलेआम हरे बांसों के गट्ठो की बिकते हुए देखकर वन विभाग की कार्यप्रणाली उजागर होने से नही बच पा रही है?

### बंदूकधारी भी ले रहे गरीबी रेखा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। सरकार द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत लोगों का भला करने योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उसका लाभ गरीबों को मिलने की जगह बंदूकधारी, बड़े जमीदार लोग लेते हुए दिखाई दे रहे है, जबकि जिनके पास तीन एकड़ से कम जमीन हो वही हकदार है।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अमरकंटक में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। पवित्र नगरी अमरकंटक में आज 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे नर्मदे हर सेवा न्यास के नए मुख्यालय में स्वर्गीय भगवत शरण माथुर की जयंती पर 'पंच परिवर्तन' विषय पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय भगवत शरण माथुर ने अनेक बार प्रचारक के रूप में सेवा की, रीवा संभाग में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री रहे। वे भाजपा मध्य प्रदेश के सह संगठन महामंत्री, प्रदेश महामंत्री (संगठन), भाजपा हरियाणा प्रांत एवं राष्ट्रीय भाजपा अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रमुख रहे। साथ ही नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के संस्थापक अध्यक्ष भी थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की उपस्थिति रहेगी। नर्मदे हर सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस ने किया प्रथम महिला नवनिर्वाचित मेट्रो रेलवे की महामंत्री श्रीमति मंजुलिका मुखोपाध्याय का सम्मान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। एनएफआईआर राष्ट्रीय कार्यकारिणी महासभा में 10 अप्रैल को एनएफआईआर से सम्बंधित पूरे भारतीय रेल की प्रथम महिला नवनिर्वाचित मेट्रो रेलवे की महामंत्री श्रीमति मंजुलिका मुखोपाध्याय का सम्मान व स्वागत रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष डी के स्वाइन, जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, कार्यकारी अध्यक्ष उप मंडल समन्वयक रविन्द्र रवि धल, रायपुर मंडल समन्वयक बीडी प्रसाद, नागपुर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे, संयुक्त महामंत्री बी कृष्ण कुमार, उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन महिला विंग की महामंत्री श्रीमति उर्मिला डोंगरे, बिलासपुर रेलवे मजदूर कांग्रेस की महिला विंग की संयोजक श्रीमती वंदना मिश्रा ने शाल श्रीफल फुले के बुके सम्मानित किया। महिला रेलवे कांग्रेस की नेत्री श्रीमती वंदना मिश्रा ने बताया की यह हम महिलाओं के लिए गर्व की बात है की 17 रेल जोनों में एनएफआईआर से जुड़े रेल संगठन में श्रीमती मंजुलिका मुखोपाध्याय पहली महिला जो की मेट्रो रेलवे जोन की महामंत्री निर्वाचित हुई, भारतीय रेल की सभी महिलाओं की ओर से एनएफआईआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुमान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री डाक्टर एम राघवैया, रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीताम्बर लक्ष्मीनारायण का आभार व्यक्त करते है आप सभी ने महिला सशक्तिकरण के तहत अपने संगठन में महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक कदम-सांसद हिमाद्री सिंह


हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह 9 से 14 अप्रैल तक मुंबई और हैदराबाद में आयोजित संसद की महिला सशक्तिकरण समिति की बैठकों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। इन बैठकों में कार्यस्थल पर महिलाओं के भेदभाव, उत्पीड़न की शिकायतों तथा सरकारी विभागों व उपक्रमों में महिला कर्मचारियों की समस्याओं व समाधान पर विस्तृत विचार-विमर्श हो रहा है। सांसद श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लागू नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 वास्तव में देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है। दशकों तक पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं को उनका हक नहीं दिया, लेकिन भाजपा सरकार इस प्रतिबद्धता को पूरा कर रही है। इस अधिनियम से लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी, जो नीति निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाएगा तथा नारी समाज को आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करेगा। मुंबई में पेट्रोलियम कंपनियों, फर्टिलाइजर कंपनियों, बैंकों, एलआईसी, सीएसआईआर व आईआईटी जैसे संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में सांसद ने महिलाओं के अधिकारों, समुचित प्रतिनिधित्व और लैंगिक उत्पीड़न पर जोर दिया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री के रूप में वे समिति के अन्य सदस्यों के साथ नारी सशक्तिकरण के विभिन्न बिंदुओं पर महत्त्वपूर्ण सुझाव साझा कर रही हैं।

## एनएच 45 पर दर्दनाक हादसा पांच ग्रामीणों की मौत, एक घायल

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक सहायता राशि का ऐलान**

डिंडौरी। बजाग तहसील के गाड़ासरई थाना क्षेत्र में किकरा तालाब गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 45 पर देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्राला की चपेट में आने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया।जानकारी के अनुसार परसवाह गांव के कुछ लोग एक कार्यक्रम से लौटते समय सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन का टायर बदल रहे थे। इसी दौरान अमरकंटक रोड की ओर से आ रहे ट्राला ने उन्हें कुचल दिया।





हादसे में पवन कुमार मरावी विशाल सिंह धुर्वे राजकरण बनवासी बिहारी सिंह उद्दे और पवन सिंह उद्दे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उदय प्रताप सिंह घायल हो गए जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया और पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया।जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तत्काल सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही संबल योजना के तहत प्रत्येक परिवार को चार लाख रुपये देने की घोषणा की गई है और अंतिम संस्कार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ है।पुलिस ने ट्राला चालक को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सड़क किनारे वाहन खड़ा करते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## मैया अभियान के तहत नर्मदा घाटों पर चला वृहद स्वच्छता अभियान



डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में आज "मैया अभियान" के अंतर्गत नर्मदा घाटों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान माँ नर्मदा के विभिन्न घाटों पर व्यापक स्तर पर साफ सफाई की गई।अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस अपर कलेक्टर जे पी यादव संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी एसडीएम रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने कहा कि माँ नर्मदा हमारी आस्था संस्कृति और जीवन का आधार हैं। उनकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से घाटों और नदी को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की अभियान के बाद कलेक्टर ने नगर का भ्रमण किया। इस दौरान अवन्ती बाई चौक में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा गल्ला गोदाम क्षेत्र में चौपाटी विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

## झामझोला में पेयजल स्रोतों की जांच और क्लोरीनेशन से सुरक्षा सुनिश्चित



डिंडोरी । जिले के विकासखंड मेहदवानी के ग्राम झामझोला में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। 12 अप्रैल 2026 को विभागीय टीम ने गांव का निरीक्षण कर सभी पेयजल स्त्रोतों की जांच की।निरीक्षण के दौरान गांव में स्थापित सात हैंडपंप और एक सार्वजनिक कूप से जल नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण कराया गया जिसमें पानी पीने योग्य पाया गया। बैक्ट्रियोलॉजिकल परीक्षण के परिणाम 24 घंटे में प्राप्त होंगे।सुरक्षा के मद्देनजर गांव के सभी हैंडपंप और सार्वजनिक कूप का क्लोरीनेशन किया गया ताकि पेयजल पूरी तरह सुरक्षित बना रहे और संक्रमण की किसी भी संभावना को रोका जा सके।गौरतलब है कि 11 अप्रैल 2026 को गांव के कुछ लोग दूषित भोजन के कारण अस्वस्थ हो गए थे। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पेयजल स्त्रोतों की जांच और शुद्धिकरण सुनिश्चित किया।जिला प्रशासन द्वारा आमजन के स्वास्थ्य और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई जारी है।

## डिंडोरी का सबसे बड़ा कस्बा शहपुरा फिर उपेक्षित रेल सर्वे से बाहर रहने पर उठे सवाल

डिंडोरी ।जिले का सबसे बड़ा और प्रमुख कस्बा शहपुरा एक बार फिर विकास की मुख्यधारा से दूर नजर आ रहा है। जबलपुर से डिंडोरी पेंड्रा तक प्रस्तावित रेल लाइन के सर्वे में शहपुरा को शामिल नहीं किए जाने से क्षेत्र में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोग इसे सौतेला व्यवहार बताते हुए प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल उठा रहे हैं।शहपुरा आसपास के कई गांवों का मुख्य केंद्र है इसके बावजूद रेल सर्वे से बाहर रहना लोगों को समझ नहीं आ रहा। जब जिले को रेल कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद जगी है तब सबसे बड़े कस्बे को नजरअंदाज करना योजना की कमी के रूप में देखा जा रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि शहपुरा क्षेत्र लंबे समय से रेल लाइन की मांग करता आ रहा है। कई बार यह मुद्दा उठाया गया लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। अब जब रेल लाइन का सर्वे हो रहा है तब भी शहपुरा को इसमें जगह नहीं मिलना लोगों को निराश कर रहा है।डिंडोरी आदिवासी बहुल जिला है और शहपुरा इसका प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सीमित हैं। यदि रेल लाइन शहपुरा से होकर गुजरती तो लोगों को बड़े शहरों तक पहुंचने में सुविधा मिलती और रोजगार के अवसर भी बढ़ते। वर्तमान स्थिति में शहपुरा इस संभावित सुविधा से दूर नजर आ रहा है।स्थानीय लोगों और जानकारों का मानना है कि इतनी बड़ी योजना में क्षेत्रीय संतुलन और जनसंख्या को ध्यान में रखना जरूरी था। शहपुरा को सर्वे से बाहर रखना यह दर्शाता है कि जमीनी जरूरतों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया।क्षेत्रीय जनता ने मांग की है कि सर्वे प्रक्रिया अभी जारी है इसलिए रूट में बदलाव कर शहपुरा को शामिल किया जाए। लोगों का कहना है कि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो यह मुद्दा आगे बढ़ सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मांग पर क्या निर्णय लेता है।

## अमरपुर अस्पताल में बदहाल व्यवस्था मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

अमरपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर की अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत अब संचालनालय भोपाल तक पहुंच गई है लेकिन इसके बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ है। कभी बेहतर सेवाओं के लिए जाना जाने वाला यह केंद्र अब लापरवाही और अव्यवस्था का उदाहरण बनता जा रहा है।



अस्पताल में मूलभूत सेवाओं पर शुल्क बढ़ने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। जांच पर्ची और एक्सरे के लिए अधिक राशि लिए जाने से गरीब और आदिवासी वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। कागजों में सेवाएं निशुल्क हैं लेकिन वास्तविक स्थिति अलग नजर आ रही है।अस्पताल के भीतर व्यवस्था चिंताजनक बनी हुई है। प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव में अन्य कर्मचारी मरीजों का इलाज कर रहे हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के उपचार किए जाने से मरीजों की स्थिति बिगड़ने की घटनाएं सामने आई हैं और इस संबंध में शिकायत भी दर्ज हुई है।अस्पताल परिसर में बना रैन बसेरा लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है जिससे मरीजों और उनके परिजनों को ठहरने की सुविधा नहीं मिल पा रही है। दूरदराज से आने वाले लोगों को खुले में रात बितानी पड़ रही है।ग्राम पंचायत अमरपुर द्वारा पूर्व में प्रस्ताव पारित कर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेजर प्रेम सिंह कुशराम की पुनः पदस्थापना की मांग की गई थी ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके। इस संबंध में शिकायत पत्र के साथ प्रस्ताव की प्रति भी भेजी गई है।क्षेत्र के लोगों ने कई बार व्यवस्था सुधार की मांग उठाई है और समाचार माध्यमों में भी मामले सामने आते रहे हैं लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा त्वरित कार्रवाई कर व्यवस्था सुधारी गई थी लेकिन अब फिर से हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं।लोगों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो मरीजों को मजबूरी में निजी और झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ेगा और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## टीईटी से छूट की मांग पर सड़कों पर उतरे शिक्षक करंजिया में जोरदार प्रदर्शन

डिंडौरी। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर दूसरे चरण के आंदोलन के तहत करंजिया ब्लॉक में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक शाखा करंजिया में सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति में महासभा आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई।महासभा में वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त किए जाने की मांग उठाई गई। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी प्रावधान वर्ष 2010 में लागू हुआ इसलिए उससे पहले नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना उचित नहीं है और इससे उनके सम्मान पर प्रभाव पड़ता है।



शिक्षकों ने इस प्रावधान को समाप्त करने के लिए अध्यादेश लाने की मांग की। साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।महासभा के बाद शिक्षकों ने करंजिया में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री केंद्रीय शिक्षामंत्री मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम नायब तहसीलदार करंजिया को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान रामकुमार गर्ग सुशील कुमार नागेश्वर जीवन मरावी श्यामलाल विश्वकर्मा इनायत अली सैयद फिरोजा बेगम भारती मरावी सुनील शुक्ला सुनील नामदेव मंजूलता नर्मदा उर्मिला मरावी सावित्री चंदेल रेवती गवले सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।शिक्षकों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जोगी टिकरिया घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



डिंडोरी ।जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज सामान्य वनमंडल डिंडोरी द्वारा जोगीटिकरिया घाट पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित करना रहा।कार्यक्रम श्रीमान वनमंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल डिंडोरी अशोक कुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वनमंडलीय स्तर के समस्त स्टाफ के साथ-साथ वनपरिक्षेत्र डिंडोरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।इस अवसर पर प्रोबेशनर सहायक वन संरक्षक (ACF) अखिलेश प्रताप सिंह, वनपरिक्षेत्र अधिकारी डिंडोरी वनपरिक्षेत्र डिंडोरी का समस्त स्टाफ तथा वनमंडल डिंडोरी का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जोगी टिकरिया घाट परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।वन विभाग द्वारा संचालित यह अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि वे जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## गुरु के विचारधारा अपनाने से होगा जीवन में परिवर्तन

**संगठन के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

डिंडौरी ।



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योतिशक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह की भी द्वितीय रविवार को दरबार मैरिज गार्डन बायपास रोड डिंडोरी में महाआरती का क्रम शंखनाद के साथ संपन्न हुआ, कार्यक्रम में मंच संचालन प्रांतीय प्रवक्ता भोला सिंह राठौर ने किया ओर गुरुवर के जयकारे टीम प्रमुख बलराम सारस व मां के जयकारे संगठन मंत्री सुनीता पड़वार ने लगाया।।महाआरती क्रम के समापन में भगवती मानव कल्याण संगठन के महिला शाखा के जिला अध्यक्ष हेमवती परस्ते ने गुरु के विचारधारा से अवगत कराया और रक्षा कवच, शक्ति जल, शक्ति ध्वज, गुरुवार का व्रत एवं कुमकुम को तिलक के बारे में साधना की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। चिंतन के अगली कड़ी में संगठन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम राठौर ने कहा कि हर व्यक्ति को गुरु के विचारधारा से गांव-गांव जाकर अवगत कराना चाहिए जिससे नए लोगों में परिवर्तन आए और वह भी नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीने के लिए आगे आए। इसी तरह पार्टी अध्यक्ष चंद्र सिंह कुशराम ने भी गुरु के विचारधारा को उपस्थित मां भक्तों तक पहुंचाने का प्रयास किया और कहा कि गांव-गांव हो रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ में अधिक से अधिक लोग सम्मिलित हो और गांव के लोगों को नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा दे, लोगों को सिद्धाश्रम धाम जाकर श्री शक्तिपुत्र महाराज जी से भी मिलने के लिए प्रेरित करें जिससे उनको भी आशीर्वाद से उनके घरों में सुख शांति समृद्धि स्थापित हो सके और वह भी गुरुवर के आशीर्वाद प्राप्त कर सकें अंत में आभार व्यक्त संगठन के सचिव मनीराम परस्ते ने किया।

## अनूपपुर में प्ले स्कूलों की फीस लूट से अभिभावक परेशान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जहां अब प्ले स्कूल और प्री-नर्सरी शिक्षा सेवा कम और व्यवसाय ज्यादा बन चुकी है। छोटे बच्चों की पढ़ाई के नाम पर निजी स्कूल मोटी फीस वसूल रहे हैं, जिससे अभिभावकों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ रहा है। तीन साल के मासूम बच्चों के दाखिले के समय ही पंजीकरण, प्रवेश और ट्यूशन फीस के नाम पर हजारों रुपये लिए जा रहे हैं। इसके बाद बस सेवा, ड्रेस और किताबों के नाम पर अतिरिक्त खर्च का बोझ भी डाला जाता है। अभिभावक बेहतर भविष्य की उम्मीद में मजबूरीवश इन खर्चों को सहन कर रहे हैं। जिले में इस पूरे सिस्टम में पारदर्शिता की कमी साफ नजर आती है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या शिक्षा के नाम पर यह आर्थिक शोषण सही है? प्रशासन की निष्क्रियता इस समस्या को और बढ़ा रही है।

### दाखिले के साथ ही 'फीस का झटका'

अनूपपुर जिले के निजी प्ले स्कूलों में दाखिला कराना अब अभिभावकों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। पंजीकरण, एडमिशन और ट्यूशन फीस के नाम पर शुरुआत में ही हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। कई स्कूलों में सालाना फीस 20 हजार से 50 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा बस सेवा के लिए अलग से मोटी रकम वसूली जाती है। यह खर्च उस उम्र के बच्चों के लिए लिया जा रहा है, जो अभी स्कूल की बुनियादी समझ भी विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे में अभिभावकों को यह आर्थिक बोझ भारी पड़ रहा है।

### ड्रेस और किताबों में कमीशन का खेल

अनूपपुर में कई निजी स्कूल अभिभावकों को तय दुकानों से ही ड्रेस और किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। बाजार में सस्ती मिलने वाली सामग्री स्कूल के माध्यम से महंगी कीमतों पर बेची जाती है। इससे साफ होता है कि स्कूल प्रबंधन और दुकानदारों के बीच कमीशन का खेल चल रहा है। अभिभावक चाहकर भी दूसरी जगह से सामान नहीं खरीद पाते, क्योंकि स्कूल की सख्ती उन्हें मजबूर कर देती है। यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और निजी संस्थानों की मनमानी को दर्शाती है।

### 'पीयर प्रेशर' का मनोवैज्ञानिक दबाव

अनूपपुर जिले में भी अभिभावकों के बीच यह धारणा बन गई है कि महंगे स्कूल में पढ़ाने से ही बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। इसी मानसिकता का फायदा निजी स्कूल उठा रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन पर सेमीनार आयोजित

### जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं सदुपयोग जरूरी: डॉ. अजय गुप्ता






**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत 11 अप्रैल 2026 को शासकीय श्याम सुन्दर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग जबलपुर से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता, महाविद्याालय की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा, महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. यतीन्द्र महोबे, महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एल.एन. रजक एवं एम.आई.एम.टी. कॉलेज से डॉ. पराग नेमा मंचासीन रहे। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

#### निकाली गई जागरूकता रैली

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अजय गुप्ता ने प्राचीन सभ्यता से लेकर आधुनिक काल तक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं प्रबंध के महत्व को बताया साथ ही भूमिगत जल के अनियंत्रित दोहन एवं दुरुपयोग से गिरते भू-जल स्तर के दुष्परिणामों से बचने के लिए जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सदुपयोग करने के लिए संकल्पित किया। उद्बोधन की श्रंखला में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा ने जल स्त्रोतों के महत्व को बताते हुये जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. यतीन्द्र महोबे ने जल संवर्धन के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। सेमीनार के समापन के पश्चात महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रज्ञा गुप्ता द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सोक पिट का हुआ निर्माण, प्याऊ का हुआ शुभारंभ





जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल का संचयन करने के लिए विकासखंड चीचली के ग्राम सूखाखैरी में सोकपिट का निर्माण किया गया। सोकपिट में वर्षा जल को भूमिगत किया जाएगा, जिससे जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। यह कार्य जल संचय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर ग्राम में पौधरोपण किया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल सहजता से उपलब्ध हो सके, इसके लिए जल मंदिर-प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक चीचली सुश्री स्मिता दांडे, समिति के संचालक ब्रजराज कौरव, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष संतोष चौरसिया सहित सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता एवं समितियों के पदाधिकारी व सदस्य और अन्य नागरिक मौजूद थे।

#### जल संरक्षण व संवर्धन का लिया संकल्प

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड गोटेगांव में अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा अभियान में जन समुदाय की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराना है। यह जल संवाद कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जल संवाद कार्यक्रम के दौरान जल संकट की वर्तमान स्थिति, वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर में गिरावट तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर जनभागीदारी के माध्यम से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा स्वप्रेरित एवं स्वचित्रित गतिविधियों, चार्ट एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के विविध आयामों को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों ने जल बचाने के व्यावहारिक उपायों को प्रस्तुत करते हुए अपने विचार साझा किए।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी पंचतत्व में विलीन



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी आज रविवार की शाम पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका देहावसान सुबह करीब 6 बजे हो गया था। इसके बाद शाम 4 बजे उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर स्थित निवास से निकली। करीब 5.30 बजे कोठीबाजार मोक्षधाम में उनके अनुज भ्राता वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि नरसिंहपुर ब्यूरो चीफ संजय पचौरी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान शहर के सभी समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद थे। पर्यावरण और गाय के प्रति पचौरी परिवार की प्रतिबध्दता को देखते हुए गौ काष्ठ से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी तेरहंवी और श्रध्दांजलि सभा का आयोजन आगामी 24 अप्रैल को रखा गया है। 82 वर्षीय महेश पचौरी प्रसिद्ध समाजसेवी और आध्यात्मिक व्यक्तित्व वालीं सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती शंकुतला पचौरी के पति थे। उनकी चार पुत्रियां कनिका, निमिषा, विपाशा और तूलिका हैं। स्व. महेश पचौरी वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि बैतूल के ब्यूरो चीफ संजय व्दिवेदी के ससुर भी थे।

### घोटी नन्दौरा में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई ज्योतिबा फुले जयंती

**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** जिले के लांजी-किरनपुर क्षेत्र के ग्राम घोटी नन्दौरा में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिससे आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, ग्राम सरपंच श्रीचंद कामड़े तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

### विधायक विवेक पटेल ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**वारासिवनी**-लालबर्रा मार्ग पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मॉग की

**वारासिवनी।** भारी यातायात, जाम और जनता की परेशानियों को देखते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखकर नगर के वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर स्थित रेल्वे फाटक क्रमांक बी के 26 पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि स्थानीय निवासियों और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना जरूरी है। रेल्वे फाटक से बड़ी संख्या में मालगाड़ी एवं यात्री गाड़ियों का संचालन होता है। इस दौरान रेल के गुजरने पर लंबे समय तक मार्ग बाधित रहता है।

### सेलवा गांव में नशे के खिलाफ लगी चौपाल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** किसी भी तरह का नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे लड़ने के लिए समाज को मिलकर कदम उठाने होंगे। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि परिवार, समुदाय और आने वाली पीढ़ियों पर गहरा असर डालती है। गांव की महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने का जो फैसला लिया है। वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। नशे के खिलाफ जंग की शुरुआत घर से की जाए तो और अधिक बेहतर है। किसी भी प्रकार का नशा अचानक से छूट जाए यह इतना आसान नहीं है लेकिन नशे को छोड़ा ना जा सकें।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विकासखंड नरसिंहपुर स्तर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन गरिमामय संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एवं डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा प्राचार्य गोविंद बड़कुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात श्रीमती सुधा विश्वकर्मा एवं रोहित जाटव द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके विचारों पर प्रेरणादायक प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर निबंध, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में आस्था लोधी ने प्रथम, अंजलि काछी ने द्वितीय तथा कृतिका सिलावट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शेख आशिफा प्रथम, उषा मेहरा द्वितीय एवं विनय वंशकार तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में भक्ति काछी ने प्रथम, अनिका राय ने द्वितीय एवं गौसिया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डायट प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुभावना पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं व्यवस्थापन में बी ए सी ब्रजेश नेमा, जन शिक्षक एच पी कोरी, श्रीमती रितु चौक से सीमा दीक्षित विक्रम शर्मा जय सोनी श्रीमती सुधा विश्वकर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ।

## ईको क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम एवं इको क्लब के तहत एकल उपयोगी प्लास्टिक एवं प्लास्टिक को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।



प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण कार्यक्रम के तहत लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के छात्रा-छात्राओं एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी शिक्षक तरुवर पटेल की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। हम पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के साथ एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकें और सूती और जूट के थैले सामान ले जाने के लिए बेहतर विकल्प है। एकल उपयोग प्लास्टिक और उसके प्रकारों तथा रासायनिक संरचना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक मनुष्य, पशु और यहां तक कि समुद्री जैव विविधता के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन से जहरीले रसायन निकलते हैं जो इनके उत्पादन में शामिल लोगों में गंभीर बीमारियाँ पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कम करने, दोबारा इस्तेमाल करने और पुनर्चक्रण करने की अवधारणा के माध्यम से एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से छुटकारा पाने के उपाय सुझाए। प्रदूषण को कम करने के लिए एकल प्लास्टिक के यूज पर पूरी तरह से रोक लगाने की जरूरत है। इसके लिए वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक के उपयोग की जगह कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने पर बल दिया गया। अभियान में शामिल 30 प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पेन एवं नोटबुक पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया।

## क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत पशुओं का हुआ टीकाकरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों की समृद्धि और मवेशियों को घातक बीमारियों से बचाने के लिए क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत ग्राम लिंगा में विभागीय टीम के द्वारा घर-घर जाकर पशुओं को निशुल्क एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण उप संचालक पशुपालन डॉ. सुनील बृजपुरिया के मार्गदर्शन में हुआ। इस योजना के तहत चलाए गए अभियान का उद्देश्य केवल टीकाकरण तक सीमित नहीं था, बल्कि पशुपालन के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति को भी बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान मवेशियों की टैगिंग की गई और उनका भारत पशुधन ऐप पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही पारदर्शिता और भविष्य की सुविधाओं के लिए पशुपालकों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर भी ऐप पर अपडेट किए गए। ग्राम लिंगा में पशुपालकों को जागरूक किया गया।

## नहरों से सिंचाई हेतु पानी के लिए किसानों से मांग पत्र आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्रं.-2 गोटेगांव एमएस बेनल ने बताया कि वर्ष 2026 की ग्रीष्मकालीन फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने मुख्य नहर 63.420 से 81.300 किमी तक हरेरी शाखा नहर व करेली वितरण नहर एवं देवरी वितरण नहर, बगासपुर माइनर, रामनिवारी माइनर व तिघरा माइनर एवं कमाण्ड की माइनरों सब माइनरों से लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 25 अप्रैल 2026 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से ग्रीष्म फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में लगभग 3500 हेक्टर रकबे में ग्रीष्म फसलों की सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। कार्यपालन यंत्री ने गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा बगासपुर, देवनगर, दबकिया, मनकवारा, खमरिया, कुसीवाड़ा, कमोद, भैंसा, आंखीवाड़ा, देवरी, तिंदनी एवं मुराछ आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उप संभाग बगासपुर एवं गोटेगांव को 25 अप्रैल 2026 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।

## भाजपा की जिला बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आगामी 14 अप्रैल भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला बैठक का आयोजन जिला भाजपा अध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने बताया कि 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को संपूर्ण जिले में स्थापित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमाओं की सफाई एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जावेगा एवं सायं काल को बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसरो में दीपोत्सब का कार्यक्रम आयोजित करना है। चैराहो तथा अन्य सार्वजनिक केन्द्रो को बाबा साहब के सम्मान में उनको फूलो से सजाया जाना है। 14 अप्रैल को जिले के प्रत्येक बूथ सहित पार्टी के कार्यालय पर बाबा साहब के चित्रो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करना है साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करना है इसके अलावा पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं प्रमुख नेताओं को समाज के साथ भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बाबा साहब की प्रतिमा एवं चित्रो पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण करना है। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण एवं मंडल महामंत्रीगण सहित अपेक्षित भाजपाजन उपस्थित रहे।

### भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदलने की मांग

**तेंदूखेड़ा।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी का असर अब स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर भी पढ़ रहा है।तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल होता जा रहा है। जिससे उपस्थिति में लगातार गिरावट देखी जा रही है।अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्कूलों का संचालन 10 बजे से 4:30 बजे तक है। जब तापमान अपने चरम पर रहता है। ऐसे में छात्रों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि गर्मी के कारण बच्चे थकान चक्कर और कमजोरी की शिकायत कर रहे हैं, जिसके चलते वे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। शिक्षकों का भी कहना है कि कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कम हो रही है। पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में उन्होंने सुझाव दिया है कि स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाए। कुछ अभिभावकों का कहना है कि यदि समय में शीघ्र बदलाव नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द निर्णय लेकर बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को ध्यान में रखते हुए स्कूल समय में परिवर्तन करने की मांग की है।वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में स्कूलों के समय में बदलाव किया जाता है, लेकिन इस बार बढ़ती गर्मी ने समय से पहले ही इस मांग को तेज कर दिया है।

## शौर्य यात्रा को लेकर लोधी समाज की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा के तत्वावधान में 1842 बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हृदय शाह लोधी शौर्य यात्रा को लेकर एक सामाजिक बैठक किरार भवन परिसर में संपन्न हुई। यह शौर्य यात्रा भोपाल में 28 अप्रैल को निकाली जानी है। जिसमें तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सभी समाज के लोगों को पहुंचने की अपील की गई है । नरसिंहपुर जिले में बुंदेला क्रांति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।राजा हृदय शाह हीरापुर राजा डेलनशाह मदनपुर राजा नरवर शाह ढिलवार 1842 की क्रांति में बहुत बड़ा योगदान रहा है उनको शहीद का दर्जा दिलाने हेतु शोर यात्रा निकाली जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य शहीदों को सम्मान मिल सके।अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर लोधी समाज के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा समाज के ब्लाक अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर राजा नरवर शाह के वंशज रामकुमार ठाकुर रामकुमार वर्मा दामोदर लोधी शिवदयाल खेरोनिया मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज शिवकुमार ठाकुर निरंजन हरिओम माधव सरदार लोधी रीतेश ठाकुर गौरीशंकर लोधी एवं समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।



## जिला संगठन प्रभारी ने ली संगठनात्मक बैठक

**तेन्दूखेड़ा।** जिला भाजपा संगठन प्रभारी पूर्व मंत्री शरद जैन के द्वारा तेन्दूखेड़ा विधान सभा में आगमन हुआ। नगर परिषद के सभागार में विधान सभा के सभी मंडलो की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की रीति नीति एवं संगठन की मजबूती आदि विषयों पर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी शरद जैन का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिन्दन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधयाक विश्वनाथ सिंह पटैल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा जिला उपाध्यक्ष महीष मोदी हरिप्रताप ममार अनु.जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर संतोष पटैल डालचंद पटेल के साथ साथ जिला पंचायत जनपद सदस्य पार्षद मण्डल अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।